# गोरखपुर में जुटेंगे पर्यटन उद्योग के महारथी

## 25 से 29 अप्रैल तक आयोजन होगा, पर्यटन मंत्री ने कहा- पर्यटकों के आने से यूपी बनेगा नंबर एक

लखनऊ। पर्यटन विभाग के सहयोग से फिक्की की ओर से 25 से 29 अप्रैल तक गोरखपुर में ट्रैवल मार्ट का आयोजन होगा। इसका पुनरावलोकन (कर्टन रेजर) मंगलवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में जारी किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से विदेशी पर्यटक आएंगे और हमारा राज्य नंबर वन बनेगा।

मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद एयरलाइन कंपनियों के प्रतिनिधियों से नए हवाई अड्डों पर उड़ानों की संख्या में वृद्धि करने का आग्रह किया। कहा, ओडीओपी की तर्ज पर प्रदेश में एक विधान सभा एक पर्यटन स्थल को चिह्नित कर विकसित किया जा रहा है। ट्रैवल मार्ट में 150 से अधिक देशी-विदेशी खरीदारों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। सम्मानित यात्रा लेखक व ब्लागर्स भी मौजूद रहेंगे। साथ ही देश-दुनिया के प्रदर्शकों के बीच 50 स्टॉल उत्तर प्रदेश से होंगे। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, फिक्की और यूपी पर्यटन उपसमिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा, वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के पूर्व अध्यक्ष राशिद खान, आगरा टूरिज्म गिल्ड के अध्यक्ष राजीव सक्सेना व यूपी पर्यटन के निदेशक प्रखर मिश्रा भी शामिल थे। ब्यूरो